# मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट का किया अनावरण

- खेल अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं
- भारत में यह राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन

**नई दिल्ली, 04 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक भव्य समारोह में डूरंड कप 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और उन्हें रवाना किया. इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में, राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं.**

उन्होंने बताया कि कैसे खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की



एक अनूठी क्षमता होती है, जो भारत में राष्ट्रीय एकता के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में काम करते हैं. जब ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में तिरंगा फहराया जाता है तो देश सामूहिक रूप से खुशी मनाता है.

राष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि फुटबॉल लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है. यह सिर्फ एक खेल से बढ़कर एक जुनून है. फुटबॉल रणनीति, सहनशक्ति और एक सामान्य लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से टीम वर्क का प्रतीक है. डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को विकसित करते हैं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी का भी पोषण करते हैं, उन्हें बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं. उन्होंने डूरंड कप की भावना को संरक्षित और बढ़ावा देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की.

एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट, डूरंड कप का 2025 संस्करण 23 जुलाई से 23 अगस्त तक छह राज्यों - पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड - के पांच स्थानों पर आयोजित किया जाएगा.

> पूर्व में स्थानांतरित होने के बाद से, डूरंड कप ने देश की प्रमुख प्रतियोगिता के रूप में खुद को फिर से स्थापित किया है, जो 16 से बढ़कर 24 टीमों तक पहुंच गया है, जिसमें सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमों की भागीदारी शामिल है. भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा तीनों सेवाओं की ओर से आयोजित यह टूर्नामेंट अद्वितीय है क्योंकि इसमें सर्विसेज टीमों को भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ खड़ा किया जाता है. हाल के संस्करणों में, इसमें पड़ोसी देशों की सेना टीमों की विदेशी भागीदारी भी शामिल की गई है.

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुरचरण पार्टी से निष्कासित

**नयी दिल्ली,04 जुलाई.** कांग्रेस ने वरिष्ठ पार्टी नेता गुरचरण सिंह राजू को शुक्रवार को छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनकी प्राथमिक सदस्यता भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में समिति की आज यहां हुयी बैठक में यह फैसला लिया गया. बैठक में समिति के सदस्य शोएब दानिश, वरयाम कौर, डॉ. ओनिका मेहरोत्रा और अश्विनी धवन भी शामिल थे. बैठक में विचार-विमर्श के बाद कृष्णा नगर जिला अध्यक्ष श्री राजू को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुच्छेद 19(सी)4 के तहत छह साल के लिए पार्टी के सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया.



# श्रीराम मंदिर से जुड़ेगा सरयू रिवरफ्रंट

- 23.46 करोड़ की लागत से रिवरफ्रंट का निर्माण
- ध्यान, योग और स्नान की सुविधा उपलब्ध
- होटल, एयरपोर्ट और सड़कों का विकास

**अयोध्या, 4 जुलाई (वार्ता) श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है.**

इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवरफ्रंट अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है. यह रिवरफ्रंट श्रीराम मंदिर से जुड़कर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा.पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23.46 करोड़ रुपये की लागत से सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है. इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है, जहां श्रद्धालु और पर्यटक दोनों ही आध्यात्मिक और सौंदर्यपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकें. रिवरफ्रंट के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है, जिसमें सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है. इसके अतिरिक्त, छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है.

### लक्ष्य के अनुरूप रिवरफ्रंट तैयार किया जा रहा

श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या में सड़कों का चौड़ीकरण, हवाई अड्डे का निर्माण, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जा रहा है. स्थानीय लोगों का मानना है कि सरयू रिवरफंट का निर्माण अयोध्या को एक नया आयाम देगा. यह परियोजना रोजगार के अवसर भी पैदा कर रही है.जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि रिवरफ्टं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. लक्ष्य के अनुरूप इसे तैयार किया जा रहा है.

# ईरान को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

## परमाणु कार्यक्रम आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी

**यरूशलम, 04 जुलाई. इजरायल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे.**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजरायल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है. उन्होंने कहा, हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं,तो हमें निर्णय लेना होगा.उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे और इजरायल तथा अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर उस पर बारीकी से नज़र रखेगा. हमारा रूख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की. अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है.

उन्होंने कहा, मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं अंतिम परिणाम को देखता हूं. ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी. हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते. जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे.

# गुरुग्राम में 500 एकड़ पर बनेगा डिज्नीलैंड पार्क

- दिल्ली-एनसीआर से बेहतर कनेक्टिविटी
- हजारों रोजगार और आर्थिक लाभ संभव

**गुरुग्राम, 04 जुलाई.हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम के पचगांव चौक के पास 500 एकड़ भूमि पर एक शानदार डिज्नीलैंड थीम पार्क स्थापित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है.**

यह परियोजना न केवल राज्य के पर्यटन परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देगी, बल्कि इसके साथ विकसित होने वाली ग्लोबल सिटी और रेल ऑर्बिटल कॉरिडोर के माध्यम से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति



को भी मजबूत करेगी.

हरियाणा सरकार ने इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए पचगांव चौक के पास उपयुक्त स्थान का चयन कर लिया है. यह क्षेत्र अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण परियोजना के लिए आदर्श माना जा रहा है, क्योंकि यह दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है.

डिज्नीलैंड जैसे वैश्विक स्तर के आकर्षण की स्थापना से हरियाणा भारत के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरेगा.मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन परियोजनाओं के संबंध में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सांस्कृतिक और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की. इस मुलाकात के दौरान हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए इसे वैश्विक मानचित्र पर एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने पर विचार-विमर्श किया गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिज्नीलैंड हरियाणा, खासकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी अवसर साबित होगा. इस डिज्नीलैंड से प्रदेश के साथ-साथ देश को आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक लाभ मिलेंगे.

# मणिपुर में बरामद हथियारों का जखीरा

**इंफाल, 04 जुलाई .मणिपुर में सुरक्षा बलों ने राज्य के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान कई अवैध हथियार, गोला-बारूद और उपकरण बरामद किये हैं.**

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इन प्रयासों के तहत इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामोन कम्पू माखा लेइकाई क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया. पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, जिंदा कारतूस, .32 मिमी के गोला-बारूद और 7.62 × 30 मिमी एके राइफल का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

पुलिस के अनुसार एक अलग अभियान में सुरक्षा कर्मियों ने



चुराचंदपुर जिले के चुराचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत माओवोम गांव के पास एक जंगली इलाके से हथियारों और उपकरणों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया. बरामद वस्तुओं में राइफल, पिस्तौल, एक लेथोड बंदूक और एक स्टेन कार्बाइन और देसी हथियार हैं. वहीं, 5.56 मिमी, 7.62 मिमी, 12 गेज सहित विभिन्न कैलिबर के जिंदा और खाली कारतूस तथा पंप-एक्शन हथियारों के गोला-बारूद भी जब्त किया गया.

इसके अलावा, तलाशी के दौरान बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, संचार उपकरण और जंगल के जूते जैसे अन्य उपकरण बरामद किए गये. बिष्णुपुर जिले के कुम्बी थाना के अंतर्गत वांगू नाओदाखोंग क्षेत्र में चलाए गए एक अन्य तलाशी अभियान में एक पिस्तौल, दो खाली मैगजीन और .32 मिमी के गोला-बारूद जब्त किया गया. अधिकारियों ने कहा कि ये अभियान कानून और व्यवस्था को बनाये रखने और नागरिक क्षेत्रों से अवैध हथियारों को हटाने के निरंतर प्रयास का हिस्सा हैं.

## खरगे ने विवेकानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

**नयी दिल्ली, 04 जुलाई.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि पर उन्हें नमन करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्होंने कट्टरता को लेकर तब जो विचार व्यक्त किये थे वे आज भी विचारणीय और अत्यंत प्रासंगिक हैं. खरगे ने कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को संपूर्ण विश्व में ख्याति दिलाने वाले महान विचारक एवं करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन. अमेरिका में शिकागो धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए उनके ऐतिहासिक भाषण के कुछ अंशों को बेहद प्रासंगिक बताते हुए उन्होंने लिखा सांप्रदायिकता, कट्टरता और भयानक हठधर्मिता लंबे समय से पृथ्वी को अपने शिकंजे में जकड़े हुए हैं.

# आरजेडी ने ओवैसी को किया इंकार

- ओवैसी महागठबंधन में शामिल होना चाहते
- आरजेडी ने सीट देने से इनकार किया

**पटना, बिहार, 04 जुलाई. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. सेकुलर वोटों के बिखराव को रोकने की दलील के साथ महागठबंधन में शामिल होने के लिए उत्सुक असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने सीट देने से साफ इनकार कर दिया है.**

आरजेडी प्रवक्ता मनोज झा ने कहा है कि अगर ओवैसी भारतीय



जनता पार्टी को हराना चाहते हैं, तो उन्हें बिहार चुनाव नहीं लड़ना चाहिए.एआईएमआईएम की बिहार इकाई के अध्यक्ष और पार्टी के एकमात्र विधायक अख्तरुल ईमान कई हफ्तों से लगातार बयान दे रहे हैं कि इस बार उनकी पार्टी आरजेडी, कांग्रेस, लेफ्ट और वीआईपी के महागठबंधन में शामिल होकर चुनाव लड़ना चाहती है. उन्होंने लालू प्रसाद को इसके लिए एक चिट्ठी भी लिखी थी.आरजेडी के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने शुक्रवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ओवैसी का आधार हैदराबाद में है.

## बॉम्बे उच्च न्यायालय में दो अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली, 04 जुलाई** .राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गौतम अश्विन अंखड और महेंद्र माधवराव नेर्लिकर को बॉम्बे उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है.केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित घोषणा की.अधिसूचना में कहा, राष्ट्रपति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए गौतम अश्विन अंखड और महेंद्र माधवराव नेर्लिकर को वरिष्ठता के क्रम में दो वर्ष की अवधि के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं, जो उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होगा.



# त्रिपुरा में रेल सेवा हुई बाधित

**अगरतला, 04 जुलाई.त्रिपुरा में दिहाखो और मुपा स्टेशनों के बीच भूस्खलन के कारण लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर रेल सेवा फिर से बाधित हो गयी है. यह सेवा तीन दिन पहले ही बहाल की गयी थी.**

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गुरुवार अपराह्न भूस्खलन के कारण चट्टानें और मिट्टी रेलवे लाइन पर गिर गयी जिससे प्रभावित खंड में रेल सेवा स्थगित करनी पड़ी. सूचना मिलने पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मलबे को हटाने और मरम्मत कार्य शुरू किया गया है.एनएफआर के प्रवक्ता के मुताबिक प्रभावित यात्रियों की सहायता के लिए गुवाहाटी, लुमडिंग, सिलचर, बदरपुर और अगरतला स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1658 | मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया. |
| 1811 | वेनेजुएला के सात प्रांतों ने स्पेन के शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की. |
| 1922 | नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए. |
| 1950 | नये कानून के तहत सभी यहूदियों को इस्राइल में रहने की अनुमति दी गयी. |
| 1954 | बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया. |
| 1959 | इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया. |
| 1960 | मंगोलिया ने संविधान अपनाया. |
| 1962 | अल्जीरिया 132 साल के फ्रांसीसी शासन से आजाद हुआ. |
| 1968 | भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची. |

# उत्तर प्रदेश में आम महोत्सव शुरू

- ढाई किलो तक के आम प्रदर्शित
- चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित

**लखनऊ, 04 जुलाई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिये उनकी सरकार कटिबद्ध है.**

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है. ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं.

> योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है. इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की. मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली.



उन्होने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है.

### एक नजर में



## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा.** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है. मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी. रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी. हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की. स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है.

## पेड़ से लटका मिला प्रेमी युगल का शव

**गिरिडीह.** झारखंड में गिरिडीह जिले के हरलाडीह पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र से पुलिस ने पेड़ से लटका प्रेमी युगल का शव बरामद किया है.पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि कुलखी गांव से गुरुवार की देर रात एक प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया है. मृतकों की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पंचरुखी निवासी इमामुल हंसदा और कुलखी गांव निवासी रानी कुमारी के रूप में की गयी है.घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है.हरलाडीह ओपी प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला प्रतीत हो रहा है.पुलिस सभी संभावित पहलुओं, की गहन जांच कर रही है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के नतीजों से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह हत्या है या आत्महत्या का मामला है.

## बागपत के तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**बागपत.** हरियाणा में सोनीपत के मुरथल से जन्मदिन की पार्टी करके लौट रहे उत्तर प्रदेश में बागपत के तीन युवकों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हरियाणा पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बागपत के बिनौली निवासी प्रिंस, आदित्य, विशाल व सिरसली निवासी सचिन आपस में दोस्त थे. गुरुवार को प्रिंस का जन्मदिन था. चारों दोस्त अपनी कार से गुरुवार रात को जन्मदिन पार्टी करने हरियाणा में मुरथल के एक होटल में गए थे. गुरुवार देर रात घर वापस लौटते समय उनकी कार बहालगढ़ के निकट दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर अनियंत्रित होकर फ्लाइओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई.

बिल पारित | 4.5 ट्रिलियन डॉलर के बिल को कांग्रेस की मंजूरी

# ट्रंप का बिग ब्यूटीफुल बिल पारित

**नई दिल्ली,04 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ी विधायी जीत में, अमेरिकी कांग्रेस ने गुरुवार को उनके व्यापक 4.5 ट्रिलियन डॉलर के बिग ब्यूटीफुल बिल को पारित कर दिया है, जिसमें कर कटौती और खर्च में कमी शामिल है.**

रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले हाउस ने इस बिल को 218-214 के मामूली अंतर से पारित कर दिया और इसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के लिए भेज दिया.यह वोट राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल में एक बड़ी विधायी जीत है, जो उनके आव्रजन पर नकेल कसने के लिए धन



सुरक्षित करता है, उनके 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाता है, और 2024 के अभियान के दौरान किए गए नए करों में कटौती के वादों को पूरा करता है. व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि राष्ट्रपति ट्रंप शुक्रवार शाम 5 बजे इस बिल पर हस्ताक्षर करेंगे.ट्रंप ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल के पारित होने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, उन्होंने कहा, अपनी तरह का अब तक का सबसे बड़ा बिल - और यह इस देश को एक रॉकेट शिप में बदल देगा. यह वास्तव में शानदार होने वाला है.

व्यापक 3.4 ट्रिलियन डॉलर के कर और खर्च पैकेज की प्रशंसा करते हुए, ट्रंप ने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब आप बिल को देखते हैं, तो उन्हें हां कहना बहुत आसान था. इतिहास में सबसे बड़ी कर कटौती, सुरक्षा के लिए बहुत अच्छा, दक्षिणी सीमा पर बहुत अच्छा.हमने लगभग सब कुछ कवर किया है. फिर से, यह अपनी तरह का अब तक का सबसे बड़ा बिल है.

> बिल की सबसे प्रमुख विशेषताओं में से एक 350 बिलियन डॉलर की सीमा और राष्ट्रीय सुरक्षा योजना है. इसमें अमेरिकी-मैक्सिको सीमा दीवार के विस्तार के लिए 46 बिलियन डॉलर, 100,000 प्रवासी निरोध बिस्तरों के लिए 45 बिलियन डॉलर, और आव्रजन प्रवर्तन के लिए एक भर्ती अभियान शामिल है, जिसमें 10,000 नए आईसीई अधिकारी शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को 10,000 डॉलर का साइनिंग बोनस मिलेगा. ट्रंप के दावों के बावजूद, बिल सामाजिक सुरक्षा लाभों पर करों को रद्द नहीं करता है.

## मुंबई में आवासीय फ्लैटों की कीमतें बढ़ी

**मुंबई, 04 जुलाई.** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों द्वारा लगाए गए करों और शुल्कों के कारण मुंबई तथा अन्य शहरों में आवासीय फ्लैटों की लागत में काफी वृद्धि हुई है. उपमुख्यमंत्री और आवास एवं शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने आवासीय फ्लैटों की निर्माण लागत एवं बिक्री कीमतों के बीच लगभग 30 प्रतिशत के अंतर पर विधानसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में कहा कि इनकी वजह से मुंबई और अन्य शहरों में आवासीय फ्लैटों की कीमतें बढ़ी हैं.शिंदे ने विस्तार से बताया कि सीमेंट, स्टील, ईंट और रेत जैसी प्रमुख निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों के अलावा कई कारक भी इस बढ़ोत्तरी के लिए जिम्मेदार हैं.